उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग
हरिद्वार–249404

संख्याः– **156/08/PCS(Pre-24)/G-2/2024-25** दिनांकः 10 सितम्बर, 2024

विज्ञप्ति

प्रारम्भिक परीक्षा परिणाम (संशोधन)

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि **उत्तराखण्ड सम्मिलित राज्य सिविल/प्रवर अधीनस्थ सेवा प्रारम्भिक परीक्षा–2024** का परीक्षा परिणाम दिनांक 28 अगस्त, 2024 को घोषित किया गया है। इस परिणाम के सम्बन्ध में प्राप्त प्रत्यावेदन पर मा0 आयोग द्वारा विचार किया गया कि अनुक्रमांक 163987 के अभ्यर्थी का प्रारम्भिक परीक्षा के परिणाम में आवेदित पद (समेकित पदों हेतु) के अनुसार स्व0संग्राम सेनानी के आश्रित (डी0एफ0एफ0) उपश्रेणी की प्रवीणता सूची में रखा गया है, जिसके क्रम में डी0एफ0एफ0 उपश्रेणी के कट ऑफ मार्क्स् में प्रार्थी स्थान धारित नहीं कर सका, परन्तु प्रार्थी की मूल श्रेणी अनुसूचित जाति है, जिसके कट ऑफ मार्क्स् में स्थान धारित करने के आधार पर प्रारम्भिक परीक्षा परिणाम दिनांक 28.08.2024 में संशोधित किया गया है। संशोधित प्रारम्भिक परीक्षा परिणाम आयोग की वेबसाइट psc.uk.gov.in पर प्रसारित किया गया है।

-Sd-
(गिरधारी सिंह रावत)
सचिव